

जरूर, एमएस धोनी। उनमें गति है, बहुत सहनशक्ति है, वह मानसिक रूप से बहुत मजबूत हैं, और हाल ही में, जब भी वह क्रिकेट नहीं खेल रहे होते हैं, मैंने उन्हें काफी टेनिस खेलते देखा है। तो हां, इसमें कोई शक नहीं कि वह एमएस धोनी ही होंगे। - सूर्यकुमार यादव

भारतीय बल्लेबाज, धोनी के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▶ वियान मुल्डर



**दक्षिण अफ्रीका** के ऑलराउंडर वियान मुल्डर ने कहा है कि ब्रायन लारा ने उनसे कहा था कि उन्हें टेस्ट में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का उनका रिकॉर्ड तोड़ने के लिए जाना चाहिए था। बुलावायो में जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट में मुल्डर ने लंच ब्रेक के दौरान पारी घोषित कर दी थी तब मुल्डर 367 के निजी स्कोर पर नाबाद थे। इस फैसले के बाद मुल्डर 2004 में, एंटीगा में इंग्लैंड के खिलाफ लारा द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड नाबाद 400 रन से 33 रन दूर रह गए थे। मुल्डर ने पारी घोषित करने के बाद कहा था कि लारा का रिकॉर्ड लारा के नाम ही रहना चाहिए।

**क्या आप जानते हैं ?...** बुमराह ने लॉर्ड्स में पहली पारी में 5 विकेट लेते हुए महान गेंदबाज मुथैया मुरलीधरन के रिकॉर्ड को तोड़ दिया और वो वसीम अकरम की इस खास रिकॉर्ड की बराबरी पर आ गए।

### जसप्रीत बुमराह का पंजा, भारत ने इंग्लैंड को 387 रन पर रोका

## भारत की लड़खड़ाती पारी राहुल और पंत के सहारे

लंदन, 11 जुलाई। इंग्लैंड को 387 रनों के स्कोर पर रोकने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी लड़खड़ाई भारतीय पारी को सलामी बल्लेबाज के एल राहुल (नाबाद 53) और ऋषभ पंत (नाबाद 19) के सहारे है। तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को भारत ने स्टंप के समय तीन विकेट पर 145 रन बना लिये है।



इससे पहले जसप्रीत बुमराह (74 रन पर पांच विकेट), मोहम्मद सिराज और नीतीश कुमार रेड्डी (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम भारत ने चायकाल से पहले इंग्लैंड को 387 रन के स्कोर पर रोक दिया। इंग्लैंड के 387 रनों के जवाब में भारत ने दूसरे दिन चायकाल तक एक विकेट खोकर 44 रन बना लिए हैं। यशस्वी जायसवाल 13 रन बनाकर जोफ्रा आर्चर का शिकार बने। चायकाल के बाद करुण नायर 40 को आउटकर बेन स्टोक्स ने भारत का दूसरा झटका दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान शुभमन गिल 16 रन को वोक्स ने जेमी स्मिथ के हाथों स्टंप कराकर पवेलियन भेज दिया। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय भारत ने 43 ओवर में तीन विकेट पर 145 रन बना लिये है। के एल राहुल (नाबाद 53) और ऋषभ पंत (नाबाद 19) क्रीज पर मौजूद थे।भारत अभी भी इंग्लैंड के पहली पारी में बनाये गये स्कोर से 242 रन पीछे है और उसके सात विकेट अभी शेष है। इंग्लैंड के लिए क्रिस वोक्स, जोफ्रा आर्चर और बेन स्टोक्स ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले कल के चार विकेट पर 251 रनों से आगे खेलने उतरी इंग्लैड को आज सुबह के सत्र में जसप्रीत बुमराह के कहर का सामना करना पड़ा। कप्तान बेन स्टोक्स ने अभी अपने स्कोर में पांच रन जोड़े थे कि बुमराह ने उन्हें बोल्ड कर भारत को पांचवीं सफलता दिलाई। बेन स्टोक्स ने 110 गेंदों में चार चौकों की मदद से 44 रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये जेमी स्मिथ ने जो रूट के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। इसी दौरान जो रूट ने चौका लगाकर अपना टेस्ट शतक पूरा किया। यह जो रूट के 156 मैचों के टेस्ट करियर का 37वां और भारत के खिलाफ 11वां टेस्ट शतक था। इसी के बाद बुमराह ने उन्हें भी बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। जो रूट ने 199 गेंदो में 104 रनों की पारी खेली। क्रिस वोक्स (शून्य) को भी बुमराह ने आउट किया। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने 74 रन पर पांच विकेट लिये। उन्होंने पहले टेस्ट की पहली पारी में भी पांच विकेट लिए थे। मोहम्मद सिराज और नीतीश कुमार रेड्डी को दो-दो विकेट मिले। रवींद्र जडेजा ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## राहुल और स्मिथ से आगे निकले जो रूट

लंदन, 11 जुलाई। इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में शतक बनाकर दिग्गज राहुल द्रविड़ और स्टीव स्मिथ को पीछे छोड़ते हुए सर्वाधिक टेस्ट शतकों की सूची में शीर्ष पांच में जगह बना ली है। उनका नवीनतम शतक - उनका 37वां शतक - लॉर्ड्स में शानदार अंदाज में लगा।



रूट अब सर्वकालिक टेस्ट शतक बनाने वालों की सूची में केवल सचिन तेंदुलकर (51), जैक्स कैलिस (45), रिकी पोंटिंग (41) और कुमार संगकारा (38) से पीछे हैं। उन्होंने क्रिकेट के इस मैदान पर अपना लगातार तीसरा शतक भी बनाया - इससे पहले उन्होंने 143 और 103 रन बनाए थे - जिससे वह जैक हॉब्स (1912-1926) और माइकल वॉन (2004-2005) के बाद लॉर्ड्स में लगातार तीन टेस्ट शतक बनाने वाले केवल तीसरे खिलाड़ी बन गए।

भारत के खिलाफ उल्लेखनीय निरंतरता का प्रदर्शन करते हुए, रूट का यह शतक उपमहाद्वीपीय दिग्गजों के खिलाफ टेस्ट मैचों में उनका 11वां शतक था। गौरतलब है कि रूट का नवीनतम कीर्तिमान 192 गेंदों में बना, जो इंग्लैंड के आक्रामक बैजबॉल युग का तीसरा सबसे धीमा टेस्ट शतक है-जो केवल 2024 में रांची में उनके द्वारा बनाए गए 219 गेंदों के शतक और 2022 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बेन फोक्स के 206 गेंदों के शतक से धीमा है। रूट की प्रमुख उपस्थिति इंग्लैंड की लाल गेंद की महत्वाकांक्षाओं का आधार बनी हुई है, भले ही टीम ब्रेंडन मैकुलम और बेन स्टोक्स के नेतृत्व में अपने आक्रामक दृष्टिकोण को नया रूप दे रही हो।

## कार्लसन ने बिना कोई मोहरा गंवाए चैटजीपीटी को हराया

नई दिल्ली, 11 जुलाई। शतरंज के दिग्गज मैग्नस कार्लसन, जो पहले ही पांच क्लासिकल विश्व चैंपियनशिप और रैपिड तथा ब्लिट्ज दोनों प्रारूपों में शीर्ष वैश्विक रैंकिंग के साथ ओवर-द-बोर्ड शतरंज की दुनिया में अपना दबदबा बना चुके हैं, अब अपना ध्यान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की चुनौतियों का सामना करने पर केंद्रित कर रहे हैं। नॉर्वे के इस खिलाड़ी ने हाल ही में ओपनएआई के संवादी एआई, चैटजीपीटी के साथ शतरंज के खेल में मुकाबला किया और बिना एक भी मोहरा गंवाए निर्णायक जीत हासिल की। कार्लसन ने 53 चालों के बाद एआई को हार मानने पर मजबूर कर दिया।

## एस.एच.एस. क्रिकेट एकेडमी 15 रन से विजेता

जयपुर, 11 जुलाई। एस.एच. एस. क्लब द्वारा आयोजित प्रथम अंडर 14 फेडस क्रिकेट कप में खेले गये मैच मे एस.एच.एस एकेडमी और एस.बी.सी (ए) क्रिकेट एकेडमी के मध्य खेले गये मैच में टॉस जीत कर एस.एच.एस क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया । एस.एच.एस क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 197/7 रन 20.0 ओवर मे बनाए। एस.एच. एस क्रिकेट एकेडमी की ओर से मानवेन्द्र सिंह ने 71 रन, द्रुव सिंह ने 22 रन और संचित मलिक ने 34 रन बनाये। एस.बी. सी (ए) क्रिकेट एकेडमी की और से गेदबाजी करते हुए सोहेल अली ने 50 रन देकर 2 विकेट और मुकेश मीणा ने 47 रन देकर के 2 विकेट, लोकेश ने 19 रन देकर के 1 विकेट, ऐलिस कुमार 1 रन देकर के 1 विकेट लिया। एस.बी.सी (ए) क्रिकेट एकेडमी ने बल्लेबाजी करते हुए 182/4 20.0 ओवर मे बनाऐ। एस.बी. सी क्रिकेट एकेडमी कि ओर से प्रतिक बेनिवाल ने 51 रन, ऐलिस कुमार ने 51 रन, नायन गिल ने 33 रन बनाये। एस.एच.एस क्रिकेट एकेडमी गेदबाजी करते हुए जयदेव 24 रन देकर 1 विकेट, रनवीर सिंह ने 36 रन देकर 1 विकेट, देवराज ने 30 रन देकर 1 विकेट लिया। एस.एच.एस क्रिकेट एकेडमी 15 से विजेता हुई।

## जयपुर की गौरवी अजमेरा ने जीता ईस्टर्न चैलेंजर स्क्वैश खिताब

जयपुर, 11 जुलाई। गुलाबी नगर की नन्ही स्क्वैश खिलाड़ी गौरवी अजमेरा ने हाल ही कोलकाता में संपन्न ईस्टर्न चैलेंजर 2025 चैंपियनशिप में गर्ल्स अंडर-11 वर्ग का खिताब जीत लिया। मात्र नौ साल की गौरवी ने अपनी उम्र से अधिक आयु वर्ग में खेलते हुए फाइनल मुकाबले में अंशिका कुमारी को सीधे सेटों में 11-6, 11-8, 12-10 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित स्क्वैश एकेडमी की प्रशिक्षु गौरवी ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। एकेडमी की संचालक सुरभि मिश्रा के अनुसार गौरवी ने गर्ल्स अंडर-11 के दूसरे राउण्ड में शीया सिंह को 11-2, 11-1, 11-2 से हरा क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में रिशिमा महुरकर को 11-3, 11-1 (रिटायर) से और सेमी फाइनल में जेरुशा जेबिन्द्रन को 11-1, 11-4, 11-1 से शिकस्त दे खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। सुरभि ने बताया कि गौरवी ने अपने खिताबी सफर में एक भी सेट नहीं गंवाया। गौरवी ने विगत दिनों हैदराबाद में आयोजित तेलंगाना स्क्वैश ओपन टूर्नामेंट में अंडर-9 मिक्स्ड कैटेगरी का खिताब जीता था। सुरभि ने बताया कि कोलकाता टूर्नामेंट में एकेडमी के एक और खिलाड़ी युवान वर्मा बॉयज अंडर-11 वर्ग में चौथे स्थान पर रहे।

## वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स (जर्मनी) में राजस्थान विवि. का तनिष्क करेगा भारत का प्रतिनिधित्व

जयपुर, 11 जुलाई। राजस्थान विश्वविद्यालय के छात्र तनिष्क पारीक, जर्मनी में अयोजित वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 16-27 जुलाई तक ताइक्वांडो खेल (पूमसे इंडिविजुअल ) में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। ताइक्वांडो कोच साबिर खान ने बताया कि 6 से 12 जुलाई तक इंडिया कैंप गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी में आयोजित होगा। इससे पहले तनिष्क ने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में कांस्य पदक प्राप्त किया था। तनिष्क ने इसका श्रेय अपने कोच साबिर खान को और अपनी दादी और राजस्थान विश्वविद्यालय के खेल सचिव डॉ. प्रमोद सिंह को दिया। तनिष्क पिछले 12 साल से चोगान स्टेडियम में कोच साबिर खान के पास प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है। तनिष्क का सपना अपने कोच को गुरु वशिष्ठ अवार्ड दिलाना है। राजस्थान ताइक्वांडो के सचिव शहजाद खान ने तनिष्क को बधाई दी है।

## कैटरीना सीनियाकोवा और सेम वरबीक ने अपने नाम किया मिक्स्ड डबल्स का खिताब



लंदन, 11 जुलाई। विंबलडन 2025 के मिक्स्ड डबल्स फाइनल में 10 बार की ग्रैंड स्लैम विमेन्स डबल्स चैंपियन और टेनिस कोर्ट की अनुभवी खिलाड़ी कैटरीना सीनियाकोवा ने अपने डच जोड़ीदार सेम वरबीक के साथ मिलकर बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस जोड़ी ने लुइसा स्टेफेनी और जो सैलिसबरी की मजबूत जोड़ी को सीधे सेटों में 7-6 (7-3), 7-6 (7-3) से हराकर प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम कर लिया। 10 जुलाई को सेंटर कोर्ट पर खेले गए इस मुकाबले में दोनों सेट बेहद रोमांचक रहे।

दोनों सेटों में मुकाबला टाईब्रेक तक गया, लेकिन हर बार सिनियाकोव और वरबीक की जोड़ी ने दबाव में बेहतरीन प्रदर्शन किया और निर्णायक क्षणों में बाजी मारी। फाइनल का समापन भी बेहद शानदार अंदाज में हुआ, जब सिनियाकोवा ने पहले ही मैच पॉइंट पर बेहतरीन फोरहैंड विनर लगाकर खिताबी मुकाबले का अंत किया। इसके साथ ही उन्होंने एक बार फिर दिखा दिया कि वो डबल्स फॉर्मेट में दुनिया की बेहतरीन खिलाड़ियों में क्यों गिनी जाती हैं।

जहां सिनियाकोव के लिए ये एक और बड़ी उपलब्धि रही, वहीं नीदरलैंड के खिलाड़ी सेम वरबीक के लिए ये उनके करियर का पहला ग्रैंड स्लैम खिताब रहा। फाइनल जीतनेके बाद वरबीक ने सेंटर कोर्ट पर भावुक अंदाज में अपने पिता के लिए जन्मदिन का गाना गाकर जश्न मनाया। दर्शकों ने भी तालियों और खुशियों के साथ इस पल को यादगार बना दिया।

## येरे अल्वारेज ने स्वीकारा उनका ड्रग टेस्ट पॉजिटिव था

मैड्रिड, 11 जुलाई। यूरोपा लीग के सेमीफाइनल के बाद एथलेटिक क्लब बिलबाओ के डिफेंडर येरे अल्वारेज ने स्वीकार किया है कि उनकी प्रतिबंधित पदार्थ की जांच का नतीजा पॉजिटिव था और उन पर चार साल तक का निलंबन लग सकता है।

स्पेन के पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी अल्वारेज ने 2016 में वृषण कैंसर का इलाज कराया था और बीमारी से उबरने के बाद उन्हें फिर से यह बीमारी हो गई थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किये गये एक बयान में कहा कि पिछले सीजन में मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ यूरोपा लीग सेमीफाइनल के बाद उनका प्रतिबंधित पदार्थ के लिए जांच का नतीजा सकारात्मक था। बचाव पक्ष की ओर से बताया कि सकारात्मक नतीजा उस उपचार के कारण था जिसका उपयोग वह कीमोथेरेपी के बाद बालों के झड़ने को रोकने के लिए कर रहे थे। उन्होंने कहा, अपनी बीमारी पर काबू पाने के बाद, मैं कई वर्षों से एलोपेसिया का इलाज करा रहा हूं और मेरे मामले का अध्ययन करने के बाद हमने पाया है कि सकारात्मक परिणाम इसलिए आया क्योंकि मैंने बालों के झड़ने के इलाज के दौरान अनजाने में प्रतिबंधित पदार्थ ले लिया था।

## गेंदबाजी में सुधार का श्रेय पैट कमिंस और मॉर्कल को : रेड्डी



लॉर्ड्स, 11 जुलाई। इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन एक ही ओवर में दो विकेट झटकने वाले भारतीय तेज गेंदबाज नीतीश कुमार रेड्डी ने कहा कि उनकी गेंदबाजी में सुधार का श्रेय इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उनके कप्तान पैट कमिंस और भारतीय गेंदबाजी कोच मोर्न मॉर्कल को जाता है।

पहले दिन के खेल के बाद रेड्डी ने कहा, ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद मुझे महसूस हुआ कि मुझे अपनी गेंदबाजी और निरंतरता पर काम करने की आवश्यकता है। मैंने पैट से जब इस संबंध में बात की तो उन्होंने मुझे बताया कि मुझे ऑस्ट्रेलिया में कैसी गेंदबाजी करनी चाहिए थी और मैं ऑस्ट्रेलिया में कैसी गेंदबाजी कर सकता हूं। यह मेरे लिए बड़ा अनुभव था और इस दौरे की शुरुआत से पहले मॉर्कल के साथ काम करना भी मेरे काम आया। वह पिछले कुछ सप्ताह से मेरे साथ लगातार काम कर रहे हैं और मेरी गेंदबाजी में बहुत सुधार दिखा है। उनके साथ काम करने में मजा आ रहा है।

उन्होंने कहा, चूंकि मुझे दोनों ओर स्विंग प्राप्त होती है इसलिए हम लगातार मेरी निरंतरता पर काम कर रहे हैं। मैं केवल उन एरिया में निरंतर होना चाहता हूं जहां जरूरत है और हम इस पर काम कर रहे हैं। मैं मेहनत कर रहा हूं लेकिन अंत में चीजों को समझना और स्वयं पर भरोसा रखना सबसे अहम है। जब आप स्वयं पर भरोसा करते हैं तभी आपकी कड़ी मेहनत रंग लाती है और मुझे अब यह बात समझ आ रही है।

उन्होंने कहा, चोट के बाद लय में आना मेरे लिए कठिन था। आईपीएल सीजन के आखिर में मैंने गेंदबाजी करना शुरू किया और मुझे अच्छा महसूस हुआ। मैं मूवमेंट का लुत्फ उठाना चाहता हूं और मेरी टीम को मुझसे जो उम्मीद है वो करना चाहता हूं और मुझे लगता है कि मैं अब तक वैसा करने में सफल रहा। मैंने आज जिस तरह से गेंदबाजी की उससे मैं खुश हूं और कल भी मैं ऐसी ही गेंदबाजी करना चाहता हूं।

## भारत में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेगा पाकिस्तान

नयी दिल्ली, 11 जुलाई। भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक तनाव के कारण खेल संबंधों में गतिरोध बना हुआ है। भारत में इस साल बाद में एशिया कप और जूनियर विश्व कप हॉकी टूर्नामेंटों का आयोजन होना है। पाकिस्तान इन टूर्नामेंटों के लिए अपनी राष्ट्रीय हॉकी टीम भेजने पर फैसला लेने से पहले भारत में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेगा।

पाकिस्तान सरकार के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि अगर कोई सुरक्षा खतरा होगा तो उनकी हॉकी टीम भारत नहीं भेजी जाएगी। प्रधानमंत्री युवा विकास एवं खेल कार्यक्रम के अध्यक्ष राणा मसूद ने कहा कि पाकिस्तान की हॉकी टीम टूर्नामेंट के लिए भारत तभी जाएगी जब सरकार सुरक्षा स्थिति से पूरी तरह संतुष्ट होगी। पूर्व मंत्री मसूद ने कहा, पाकिस्तानी नागरिकों के लिए भारत में स्थिति से अगर वह संतुष्ट नहीं है, तो वह हमारे किसी भी खिलाड़ी को भारत में खेलने के लिए भेजकर उसे जोखिम में नहीं डालेगा।

## 100वें टेस्ट पर स्टार्क : यह मुझे उम्रदराज महसूस कराता है



किंग्स्टन, 11 जुलाई। पिछले सप्ताह क्रेग ब्रैथवेट 100वें टेस्ट की उपलब्धि तक पहुंचने वाले 82वें खिलाड़ी बने थे जबकि मिशेल स्टार्क फ्रंटलाइन तेज गेंदबाजों में इस उपलब्धि तक पहुंचने वाले केवल 12वें खिलाड़ी बनेंगे। अपने 14 वर्ष के लंबे करियर में स्टार्क वेस्टइंडीज के खिलाफ सबीना पार्क में रविवार से खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट के दौरान इस उपलब्धि तक पहुंच जाएंगे, वह 400 टेस्ट विकेट हासिल करने से भी केवल पांच विकेट दूर हैं। स्टार्क ने कहा कि उनके लिए यहां तक पहुंचना अपने आप में एक बड़ी बात है। उन्होंने कहा, बड़ा होते समय मैं हमेशा ही ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलना चाहता था लेकिन मुझे नहीं लगता था कि मैं कभी एक टेस्ट मैच भी खेल पाऊंगा। लेकिन 99 टेस्ट खेलना मेरे लिए बड़े गर्व की बात है। स्टार्क ने अपनी इस यात्रा में जॉश हेज़लवुड और पैट कमिंस के साथ अपनी मित्रता पर भी बात की जिन्होंने उन्हें बतौर गेंदबाज विकसित होने में मदद की जिसमें वोबल सीम पर पकड़ बनाना भी शामिल है। स्टार्क ने कहा, जब गेंद अधिक हरकत नहीं कर रही होती थी तो मेरे पास अधिक अलग करने के लिए कुछ नहीं हुआ करता था। हां मेरे पास गेंद को रिवर्स कराने की क्षमता थी लेकिन यह खेल के मध्य के हिस्से में संभव था। बतौर गेंदबाज विकसित होने में मेरे दो करीबी मित्रों जोश हेजलवुड और पैट कमिंस जो कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक हैं, ने मेरी काफी मदद की। मैंने उनसे काफी कुछ सीखा है। इसके बाद अलग-अलग चरणों में और दुनिया के अन्य हिस्सों में गेंदबाजी करने में मदद मिली।

## श्रीलंका ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया

पल्लेकेले, 11 जुलाई। कुसल मेंडिस (73) की शानदार अर्धशतकीय पारी के दम पर श्रीलंका ने पहले टी-20 मुकाबले में बंगलादेश को छह गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया। इसी के साथ श्रीलंका ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है। 155 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका के लिए पथुम निसंका और कुसल मेंडिस की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 78 रनों की साझेदारी की। पांचवें ओवर में मेहदी हसन मिराज ने पथुम निसंका को आउटकर बंगलादेश को पहली सफलता दिलाई। पथुम निसंका ने 16 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए 42 रनों की पारी खेली। 13वें ओवर में कुसल परेरा 24 रन बनाकर आउट हुये। 18वें ओवर में श्रीलंका का तीसरा विकेट कुसल मेंडिस के रूप में गिरा। कुसल मेंडिस ने 51 गेंदों में पांच चौके ओर तीन छक्के लगाते हुए 73 रन बनाये। श्रीलंका ने 19 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। अविष्का फर्नांडो 11 और कप्तान चरित असालंका एक रन बनाकर नाबाद रहे।

## एशिया कप 2025 होगा रद्द! भारत और श्रीलंका ने किया बड़ा फैसला


नई दिल्ली, 11 जुलाई। सितंबर में होने वाले एशिया कप 2025 पर संकट के बादल और ज्यादा मंडराने लगे हैं। अब इस टूर्नामेंट के रद्द होने की संभावना जताई जा रही है। बीसीसीआई और श्रीलंका क्रिकेट ने एक बड़ा कदम उठाते हुए 24 जुलाई को ढाका में होने वाली एशियाई क्रिकेट परिषद की बैठक में शामिल नहीं होने का फैसला किया है। दरअसल, टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों बोर्ड ने ये फैसला ऐसे समय में लिया है जब 6 देशों के इस टूर्नामेंट के शुरू होने में दो महीने से भी कम दिन बचे हैं। हालांकि, एसीसी ने पुष्टि की है कि बैठक योजना के अनुसार होगी, लेकिन भारत और श्रीलंका की अनुपस्थिति इस टूर्नामेंट के फ्यूचर को खतरे में डाल रही है। इस बार एशिया कप टी20 फॉर्मेट में खेला जाना है। 5 सितंबर से इस टूर्नामेंट की शुरूआत हो सकती है। लेकिन इससे पहले 24 जुलाई को ढाका में होने वाली एसीसी की मीटिंग में बीसीसीआई और श्रीलंका क्रिकेट के हिस्सा न लेने से इस टूर्नामेंट के होने पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बीसीसीआई ने एसीसी की मीटिंग ढाका में होने पर आपत्ति जताई है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी वर्तमान में एसीसी के अध्यक्ष हैं। बीसीसीआई ने हाल ही में बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को भारत के बांग्लादेश दौरे को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने के लिए मना लिया था।

## कर्टिस कैम्फर ने 5 गेंद में 5 विकेट लेकर रचा इतिहास

डबलिन 11 जुलाई। आयलैंड के ऑलराउंडर कर्टिस कैम्फर पेशेवर क्रिकेट में पांच गेंदों में पांच विकेट लेकर इतिहास रच दिया है। वह यह कारनामा करने वाले पहले गेंदबाज हैं। मुनस्टर रेड्स के कप्तान कैम्फर ने इंटर-प्रोविंसियल टी-20 ट्रॉफी में नॉर्थ-वेस्ट वॉरियर्स के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। कैम्फर को अपने दूसरे से तीसरे ओवर के दौरान यह पांचों विकेट हासिल किए। वॉरियर्स 189 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 87/5 के बाद 88 पर सिमट गई। पाँच विकेटों में से पहले विकेट जेरेड विल्सन 12वें ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हुए।

## कार्लोस लगातार तीसरी बार विंबलडन फाइनल में

लंदन, 11 जुलाई। दूसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज ने पांचवीं सीड अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को शुक्रवार को चार सेटों के संघर्षपूर्ण मुकाबले में हराकर लगातार तीसरी बार विम्बलडन टेनिस प्रतियोगिता के पुरुष एकल फाइनल में प्रवेश कर लिया। दो बार के गत विजेता कार्लोस अल्काराज ने अमेरिकी टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 5-7, 6-3, 7-6 (6) से हराकर लगातार तीसरी बार विंबलडन फाइनल में प्रवेश किया। धूप से तपते सेंटर कोर्ट पर खेलते हुए, अल्काराज ने अपने पहले सर्व के 88 प्रतिशत अंक जीते, लेकिन दो घंटे 48 मिनट तक चले मुकाबले के दौरान उन्हें कई बार दबाव में रहना पड़ा।



## प्रसार भारती ने हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली, 11 जुलाई। देश भर में हैंडबॉल को बढ़ावा देने के लिए एक ऐतिहासिक कदम में, प्रसार भारती ने हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया (एचएआई) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता तीन वर्षों की अवधि के लिए है, जिसके तहत प्रसार भारती डीडी स्पोर्ट्स, वेव्स ओटीटी और अन्य पीबी प्लेटफार्मों पर एचएआई द्वारा आयोजित सभी अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय हैंडबॉल आयोजनों का निर्माण और प्रसारण करेगी। समझौता ज्ञापन पर प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी और एचएआई के कार्यकारी निदेशक आनंदेश्वर पांडेय ने प्रसार भारती के अध्यक्ष नवीन कुमार सहगल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामय उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। प्रसार भारती के अध्यक्ष नवीन कुमार सहगल ने समझौते पर हस्ताक्षर करने के अवसर पर कहा, ''यह भारत में हैंडबॉल के लिए एक नए युग की शुरुआत है। हमें विश्वास है कि मजबूत मीडिया और संस्थागत साझेदारियों के साथ, भारतीय एथलीट वैश्विक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने कहा, ''यह साझेदारी भारत में उभरते खेलों को समर्थन और पोषण देने के लिए प्रसार भारती की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। हमारे व्यापक नेटवर्क और राष्ट्रीय पहुंच के माध्यम से, हम हैंडबॉल को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वह मंच और दृश्यता देने का लक्ष्य रखते हैं जिसके वह हकदार हैं।'' एचएआई के महासचिव तेजराज सिंह ने कहा, ''प्रसार भारती के सहयोग से, हैंडबॉल अब देश भर के लाखों दर्शकों तक पहुंचेगा। यह पहल प्रतिभा की पहचान करने और अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल में भारत की स्थिति को मजबूत करने में मदद करेगी।'' कार्यक्रम में उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में एचएआई के महासचिव तेजराज सिंह, रेफरी बोर्ड के अध्यक्ष जसबीर सिंह बिस्ला; पूर्व भारतीय उपकप्तान नवीन पूनिया और भारतीय महिला हैंडबॉल टीम की गोलकीपर मिस दीक्षा कुमारी गोयल शामिल थीं ।

## पूर्व खिलाड़ियों ने राज्य में घरेलू क्रिकेट गतिविधियों के संचालन व आयोजन पर रखे अपने सुझाव : कुमावत

जयपुर, 11 जुलाई। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व खेल मंत्री राजवर्धन सिंह राठौड़ ने राजस्थान में क्रिकेट के विकास, युवा खिलाडियों को आवश्यक सुविधाओं सहित उच्च स्तरीय क्रिकेट गतिविधियों व प्रतियोगिताओं में अपना प्रदर्शन दिखाने, राज्य क्रिकेट को वापस पटरी पर लाने की जो जिम्मेदारी नवगठित आरसीए एडहॉक कमेटी को दी है उसे सफलतापूर्वक पूरा करने की कड़ी में आज आरसीए एडहॉक कमेटी द्वारा राज्य में क्रिकेट गतिविधियों की समस्त रुपरेखा व आरसीए के घरेलू क्रिकेट सत्र 2025 -26 का क्रिकेट कैलेंडर को तैयार करने हेतु गठित राज्य के पूर्व पुरुष - महिला खिलाडियों ( कमेटी) ने आरसीए अकादमी पर आयोजित मीटिंग में आरसीए एडहॉक कमेटी के समक्ष अपने सुझाव रखे।



संयोजक डी डी कुमावत बताया कि हमारा प्रथम प्रयास है कि राज्य में क्रिकेट गतिविधियों की समस्त रुपरेखा व आरसीए के घरेलू क्रिकेट सत्र 2025 - 26 के क्रिकेट कैलेंडर को राज्य के पूर्व खिलाडी ही तैयार करें जिससे राज्य की क्रिकेट गतिविधियों के आयोजन में न केवल व्यापक सहयोग मिलेगा साथ ही पूर्व खिलाडियों के सुझावों से राज्य के युवा खिलाडियों को अपना प्रदर्शन दिखाने के लिए उच्च स्तरीय प्लेटफार्म मिलेगा। मीटिंग में आज पूर्व खिलाडियों ने राज्य की क्रिकेट गतिविधियों को बीसीसीआई की राष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिताओं के अनुसार समय पर आयोजित करने, प्रतियोगिताओं की पूर्व तैयारियों हेतु विभिन्न आयु वर्ग के पुरुष - महिला प्रशिक्षण शिविर अनुभवी कोच व प्रशिक्षकों की निगरानी में आयोजित करने, विभिन्न आयु वर्ग की पुरुष - महिला टीमों के बीसीसीआई की राष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिताओं की पूर्व तैयारियों के लिए अन्य राज्य संघो की टीमों से अभ्यास मैचों के आयोजन सहित अन्य आल इंडिया आमंत्रण प्रतियोगिताओं में भाग लेना। आरसीए द्वारा आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली जिला संघ टीमों में गेस्ट प्लेयर की संख्या व उपयोगिता को तय करने सहित विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा हुई साथ ही राज्य के दूर दराज के क्षेत्रों से युवा प्रतिभाओं को तराशने के लिए भी पूर्व खिलाड़ियो ने सुझाव दिए।

संयोजक कुमावत के अनुसार मीटिंग में विशेष रूप से राज्य में महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने, महिलाओं के के लिए उच्च स्तरीय खेल सुविधाओं को विकसित करने पर जोर दिया गया जिससे राज्य में महिला क्रिकेट को बढ़ावा मिले व जल्द से जल्द हमारे राज्य की बेटी भी अंतर्राष्ट्रीय प्लेटफॉर्म पर भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर राज्य का नाम रोशन करे यही हमारा प्रयास रहेगा।

आरसीए अकादमी पर आयोजित मीटिंग में आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत, सदस्य पिंकेश पोरवाल , आशीष तिवारी के साथ पूर्व खिलाडियों पुरुष - महिला ( कमेटी ) सदस्य : -पंकज सिंह , राहुल कांवट, अंशु जैन, रोहित झालानी ,विलास जोशी, कुलदीप सिंह , शैलेन्द्र गहलोत, ज़ाकिर हुसैन, शमशेर सिंह , अंकित लाम्बा , नलिन जैन, अनूप दवे , गंगोत्री चौहान, कोमल चौधरी मौजूद रहे।